आदेश

अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, आगरा द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के आधार पर निम्नलिखित **आरक्षी ना0पु0** को **प्रशासनिक आधार पर** तात्कालिक प्रभाव से उसके नाम के सम्मुख अंकित स्थान (कालम–7) में स्थानान्तरित किया जाता है।

क्र0सं0	पद	पीएनओ नम्बर	कर्मी का नाम	गृह जनपद	कहां से	कहाँ को
1	2	3	4	5	6	7
1.	CONST	952550237	सुरेन्द्र सिंह यादव	इटावा	मथुरा	जनपद देवरिया

यह आदेश **"पुलिस स्थापना बोर्ड"** के **कार्यवृत्त सूची संख्याःएएसपी–(ई–1)–(प्रशासनिक)–** 657/2026 **दिनांकः** 03–09–2026 में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

उक्त कर्मी को **10 दिवस** के अन्दर (दिनांकः 12.09.2026 तक) अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाये। विलम्ब से कार्यमुक्त करने के संबंध में मा0न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते हैं तो आपके कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उक्त कर्मी के संबंध में पूर्व में मुख्यालय/जोन/परिक्षेत्र स्तर से निर्गत सभी स्थानान्तरण/सम्बद्धता आदेश निरस्त समझे जायेंगे।

3/9/26

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना
नि0 पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(657)/2026/789 DT 03-09-2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संख्याः–डीजी–चार–स्था0–(657)–2026/789 दिनांकः सितम्बर 03 ,2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद**–मथुरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को **10 दिवस** के अन्दर (दिनांकः 12.09.2026 तक) स्थानान्तरित स्थान हेतु कार्यमुक्त कराते हुये प्रस्थान कराये जाने की तिथि से सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई **प्रशासनिक/नीतिगत** बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

2– **पुलिस अधीक्षक, जनपद**–देवरिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त कर्मी के आगमन की सूचना से सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई **प्रशासनिक/नीतिगत बाधा** हो तो संबंधित कर्मी को आगमन न कराते हुए तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही साथ उक्त कर्मी को उसके गृह जनपद/नियुक्ति जनपद के जोन में स्थापित प्रशिक्षण संस्थानों में स्थानान्तरित/नियुक्त न किया जाये।

3– **अपर पुलिस महानिदेशक**, आगरा जोन, आगरा को उनके पत्र संख्याः एजेड–103–2026(9)/7789 दिनांकः 20.05.2026 एवं 27.06.2026 के संदर्भ में।

4– **अपर पुलिस महानिदेशक**, गोरखपुर जोन, गोरखपुर।

4– **पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक**, आगरा परिक्षेत्र/गोरखपुर परिक्षेत्र।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1– पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।

2– पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ।